**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>श्री भगवंत खुबा ने इरेडा कार्यालय का दौरा किया</u>**

# केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्री भगवंत खुबा ने इरेडा के प्रदर्शन की समीक्षा की

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने पिछले दो वर्षों के दौरान ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए इरेडा की सराहना की



नई दिल्ली, 11 जुलाई, 2022

केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा (एमएनआरई) व रसायन और उर्वरक राज्य मंत्री श्री भगवंत खुबा ने आज नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटेट सेंटर में इरेडा के पंजीकृत कार्यालय का दौरा किया। श्री खुबा ने इरेडा के प्रदर्शन और भविष्य के रोडमैप की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक संवाद सत्र में हिस्सा लिया।

इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) श्री प्रदीप कुमार दास ने कंपनी के कार्यालय में एमएनआरई के मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया। उन्होंने श्री खुबा के साथ पिछले दो वर्षों में इरेडा के उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं को साझा किया। श्री खुबा को किए जानेवाली वित्तपोषित क्षेत्रों, विविधीकरण और फंड जुटाने की योजनाओं और पिछले दो वर्षों के दौरान 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए की गई पहलों के बारे में भी अवगत कराया गया। आरई क्षेत्र के लिए वित्त पोषण की भारी मांग को पूरी करने के लिए कंपनी के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा की गई। इरेडा के सीएमडी द्वारा एक विस्तृत प्रस्तुति भी दी गई।

श्री खुबा को यह भी बताया गया कि इरेडा ने 'मिनी रत्न' से 'नवरत्न' और 'अनुसूची-बी' को 'अनुसूची-ए' में अपग्रेड करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। माननीय मंत्री ने कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) की योजना पर विचार करते हुए इरेडा को इस प्रक्रिया में तेजी लाने का आश्वासन दिया।




श्री भगवंत खुबा ने अपनी बातचीत में, इरेडा की शुरुआत से ही उद्योग के अग्रणी और आरई क्षेत्र की सेवा करने के लिए सराहना की। उन्होंने कोविड महामारी के कारण सबसे खराब व्यवसाय माहौल के बावजूद, पिछले दो वर्षों के दौरान ऐतिहासिक प्रदर्शन के लिए इरेडा की सराहना की। उन्होंने संगठन की कार्य संस्कृति के विकास के समग्र दृष्टिकोण को अपनाने के लिए इरेडा टीम की भी सराहना की।

एमएनआरई के माननीय राज्य मंत्री, इरेडा के सीएमडी, एमएनआरई के संयुक्त सचिव, श्री ललित बोहरा और इरेडा की सीवीओ, श्रीमती मनीषा सक्सेना द्वारा "सतर्कता पर कर्मचारी हैंडबुक " का दूसरा संस्करण जारी किया, जोकि इरेडा कर्मचारियों के बीच विभिन्न प्रक्रियाओं और प्रणालियों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगी।

माननीय प्रधान मंत्री के गैर-जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा का 50% और वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए, माननीय मंत्री ने आरई क्षेत्र की वित्तीय जरूरतों को पूरी करने के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा निरंतर समर्थन प्रदान करने के लिए इरेडा को आश्वासन दिया।